## स्पीड न्यूज

### ईद, सरहुल व रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



मोहम्मदगंज (अनूप कुमार)। थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व के मौके पर सौहार्द्र और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। इसमें पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्य रूप से सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने और डीजे बजाने पर पाबंदी का ऐलान करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर गलत और भड़काऊ पोस्ट को लेकर किसी को बख्शा नहीं जाएगा। रामनवमी का जुलूस पूर्व निर्धारित रूट से ही निकालनी होगी। शांति और सौहार्द्र को बनाए रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किया गया है। बैठक में सीओ सह बीडीओ रणवीर कुमार, इंस्पेक्टर सुरेश मंडल, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, पुअनि सुरेंद्र तिवारी, राजेश शर्मा, हरिराम सिंह, अमानुल्लाह खान, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, पंचम खान, जावेद खान, उदय सिंह, राकेश सिंह, नीतीन सिंह, कुंदन कुमार, अनूप कुमार, सिद्धार्थ कुमार, प्रेम सिंह, महेश, काशी सिंह, परशुराम सिंह, अर्जुन यादव, मनोज सिंह, कामता मेहता, अनिल मेहता, विशाल चौहान, विनोद पासवान, राजाराम, कपिल देव नारायण सिंह, बशीर खान, समशुद्दीन खान, अशोक ठाकुर समेत कई लोग शामिल थे।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट ने सपा सांसद का फूंका पुतला



मेदिनीनगर। राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के बयान से क्षत्रियों में भारी आक्रोश है। सैकड़ों क्षत्रियों ने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट पलामू के तत्वाधान में सदस्यों ने छः मुहान चौक पर जमा होकर सपा सांसद रामजीलाल सुमन का नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। ट्रस्ट के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों क्षत्रिय समाज सड़कों पर उतर आए। संजय सिंह ने कहा कि रामजीलाल जेहादी मानसिकता के व्यक्ति हैं। शासन-प्रशासन से मांग किया कि उनकी सदस्यता रद्द कर निलंबित करना चाहिए। सांसद के विरुद्ध लिखित तहरीर देंगे। कार्रवाई की मांग करेंगे। वहीं भाजपा जिला मंत्री सोमेश सिंह ने रामजीलाल सुमन के बयान को असत्य, अपमानजनक बताते हुए उनकी संसद सदस्यता निरस्त करवाने की मांग की और कहा कि राणा सांगा का पूरा जीवन त्याग, बलिदान और मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित रहा। कजरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महाराणा प्रताप सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। पुतला दहन कार्यक्रम में मिनी सिंह, रणजीत सिंह, सुमित सिंह, साकेत सिंह, नागेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष बिहार सिंह, सूर्यांश प्रताप सिंह, शैलेश सिंह, मनीष सिंह, बंटी सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रखी सिंह,सोनू सिंह, रितिक सिंह, संजय सिंह, गोलू सिंह, आलोक सिंह, मनीष सिंह, अजय सिंह, वीर बहादुर सिंह, रणदीप सिंह, बिट्टू सिंह, वीरेंद्र सिंह, रोहित सिंह, आधार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रितिक सिंह, दीपक सिंह, धर्मराज सिंह, अरविंद सिंह, बृज बिहारी सिंह, आनंद सिंह, गणेश सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

### जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी ने की आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण



मेदिनीनगर/हरिहरगंज। प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राम नारायण कारक एवं डीपीएम, आयुष डॉ मृत्युंजय कुमार मेहता ने हरिहरगंज प्रखंड के बिशुनुर एवं अंधेरीबाग स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संचालन में कमियों को दूर करने एवं तत्परता के साथ मरीजों का इलाज करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य पदाधिकारी के कार्यो के साथ दस्तावेजों /रजिस्टर की समीक्षा की गई। कुछ रजिस्टर में पृष्ठ संख्या अंकित नहीं पाया गया। अंधेरीबाग स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य पदाधिकारी द्वारा औषधि भंडार पंजी, औषधी वितरण पंजी, ओपीडी, बयोवृद्ध आदि उपस्थापित नहीं किया गया। वहीं 3 मार्च से ओपीडी रजिस्टर में मरीजों का निबंधन नहीं किया गया। डॉ राम नारायण कारक ने आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कार्य में तत्परता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी तरह की शिथिलता नहीं बरतें। आरोग्य मंदिर में ससमय उपस्थित रहकर मरीजों का समय से इलाज करें।

### कई मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लगाम जरूरी : अविनाश वर्मा



मेदिनीनगर। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षण अविनाश कुमार वर्मा ने कहा कि झारखंड के कुछ माननीयों ने सदन में लगातार निजी विद्यालयों के संदर्भ में कई बातें, आरोप, शिकायत, सुझाव और प्रश्नों के माध्यम से एक पक्षीय बातों को रखा है वो अपने आप में हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड के परिपेक्ष में जनमानस के हितों को ध्यान में रखकर अपनी बातों को रखना न्यायिक व्यवस्था के साथ संवैधानिक व्यवस्था में उचित भी है मगर निजी विद्यालयों की परिभाषा को बगैर परिभाषित करते हुए सभी कोटि के निजी विद्यालयों पर प्रश्न खड़ा करना उचित नहीं है। कहा कि 24 फरवरी से 27 मार्च तक के आयोजित सत्र में कुल 20 दिनों तक झारखंड विधानसभा का सत्र आयोजित किया गया जिसमें अंतिम चार दिनों तक निजी विद्यालयों के संदर्भ में पुरजोर चर्चा हुई वहीं राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का हम सब आभार व्यक्त करते हैं जहां उन्होंने हर वक्त निजी विद्यालयों के पक्ष में शालीन और लचीले रुख के साथ सदन को संतुष्ट करने का काम किया। अविनाश वर्मा ने बयान के माध्यम से अपनी पीड़ा को साझा करते हुए कहा कि सभी माननीयों के द्वारा निजी विद्यालय का संबोधन गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को आहत करने वाला है जबकि जितने भी प्रश्न, शिकायत और री एडमिशन के नाम पर मोटी राशि स्कूलों द्वारा लेने की बात कही गई वह गांव शहरों में अपने स्तर से छोटे छोटे विद्यालय चलाने वालों के लिए पीड़ा दायक है। अनुचित है और उन पर लगाम लगाना उचित है।

### श्री रामचरित्र मानस नवाह्न पारायण यज्ञ को लेकर आज कलश यात्रा

सतबरवा। प्रखंड के बकोरिया गांव में आयोजित श्री रामचरित्र मानस नवाह्न पारायण यज्ञ के 20 वां अधिवेशन को लेकर 29 मार्च को कलश यात्रा निकाली जाएगी। महायज्ञ के सफल संचालन को लेकर कमेटी का गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष कंचन प्रसाद उपाध्यक्ष कमेश प्रसाद, सचिव राजीव प्रसाद, उप सचिव सोनू सिकंदर कुमार सौरभ, राधेश्याम गुप्ता, कोषाध्यक्ष सचिंद्र रजक, अनिल प्रसाद, पीतांबर यादव तथा उप कोषाध्यक्ष मनोज रजक तथा अजीत पांडे को बनाया गया है। कमेटी के सोनू सिकंदर ने बताया कि कलश यात्रा में अतिथि के रूप में सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा शामिल होंगे जबकि प्रवचन कर्ता के रूप में अयोध्या निवासी रवि रंजन शास्त्री होंगे जो यज्ञ समापन तक श्रद्धालुओं को प्रवचन का रसपान करेंगे।

### समाजसेवी के माता का निधन

छतरपुर पलामू। नगर पंचायत क्षेत्र के सोनार मोहल्ला निवासी समाजसेवी सुबोध सोनी के पूज्यनीय माता का निधन गुरुवार देर शाम को हो गई। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार की सुबह में मुक्ति धाम मनदेया नदी के घाट पर हिंदू रीतिरिवाज के साथ की गई, जिसमें शहर के कई गणमान्य और समाजसेवी लोगों ने पहुंच कर परिवार के प्रति संवेदना प्रकट किया है।

## पांकी विधानसभा के दिवंगत विधायक स्व वीर बिदेश सिंह की पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब, जयघोष से गूंजा क्षेत्र

### अपने पिता के अधूरे सपने को करते आ रहे साकार : बिट्टू सिंह

सुधीर यादव/संजय पाठक





**मनातू/तरहसी।** पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय विदेश सिंह का आठवां पुण्यतिथि मनातू के पदमा में स्व विदेश बाबू के प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। त्योहार को देखते हुए पुण्यतिथि सादे समारोह में संपन्न हुई। समारोह में सिर्फ स्व विदेश सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टु सिंह ने माल्यार्पण किया। इसके बाद उदय सिंह, पंकज सिंह, बब्लू सिंह, अमित सिंह सहित कई लोगों ने दिवंगत विधायक स्व सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। मौके पर पूर्व विधायक सिंह ने कहा कि अपने दिवंगत पिता स्व विदेश सिंह के अधूरे सपने को साकार करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्व विदेश सिंह त्याग, समाजसेवा व गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते थे। इनके कार्यों से संतुष्ट होकर पांकी विस क्षेत्र की जनता स्व विदेश सिंह को विकास पुरूष कहा करते थे। अपने पिता के बताये गये मार्गों पर चलकर पांकी विस में विकास के एक से बढ़कर एक कार्य किये जिसे जनता आज भी याद करती है। वहीं उनके भाई पूर्व मुखिया उदय सिंह ने दिवंगत विधायक की आत्मा की शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि स्व. सिंह समाज को जोड़कर चलने वाले व्यक्ति थे। मौके पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि स्व विदेश बाबू पांकी के लिए लोकप्रिय और जनहित के नेता थे। पूरे मनातू प्रखंड सहित पदमा क्षेत्र में उनके सम्मान में जयघोष गूंज उठा। मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## देश की आजादी में नीलांबर-पीतांबर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : विधायक डॉ शशिभूषण मेहता

विधायक ने नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** नीलांबर पितांबरपुर प्रखण्ड में शहादत दिवस के अवसर पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। दोनों भाई पलामू के महान क्रांतिकारी थे। जिन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के विद्रोह में अहम भूमिका निभाया था। उन्होंने कहा कि नीलांबर पीतांबर के विद्रोह को कुचलने के लिए डाल्टन ने एक बड़ी सेना लेकर 27 जनवरी 1858 को पलामू किले को तीनों ओर से घेर कर तोपों से अंधाधुंध गोलियां चलाई लेकिन दोनों भाईयों ने हार नहीं मानते हुए अपने साथियों के साथ किसी तरह जंगल के रास्ते बचकर निकल गये। विधायक ने कहा कि आज हम सभी को नीलांबर पीतांबर के संघर्षों से प्रेरणा लेकर अपने देश की सुरक्षा के हमेशा तैयार रहना चाहिए। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो राजकमल वर्मा, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, छोटेलाल सोनी, सीओ अनिल कुमार सिंह, पीए सरोज चटर्जी, प्रो बच्चन ठाकुर, निर्मल मेहता, समाजसेवी कमेश यादव, पायनियर पांडेय, ओमप्रकाश दुबे, अरविंद मेहता, भगेश्वर राम, सुधीर तिवारी व कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की उपलब्धि : संसदीय कार्य मंत्रालय ने प्रदान किया प्रशस्ति प्रमाण पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ ए के सिंह, शिक्षक-प्रदीप कुमार मंडल, गौरव कुमार, बबलू प्रजापति तथा शिक्षिका शिल्पी गुप्ता को संसदीय कार्य-मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। विद्यालय के कक्षा नवम से द्वादश तक के 40 छात्रों को भी प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। इन छात्रों के नाम- पीयूष, भूमि, अदिति, तलत, अंशिका, सौम्या, पायल, कनिका, अभिराज, आद्विक, युवराज, नैतिक, कृश, अंकित, खुशल, आस्था, ईशिता, नायशा, राज पांडे, रिद्धिशा, खुशी, आदित्य राज, अभिनव, ईशांत, अभिनव, हर्षित, हैरी रंजन, आर्यन, प्रियांशी, अर्णव, आयुष, साहिल, प्रणव कुमार, रिशिका, नीतिका, प्रतीक्षा, सृष्टि, खुशी तथा शैल्वी रहे। प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त सभी शिक्षक, शिक्षिका व छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संसदीय मंत्रालय द्वारा विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों को इतना प्रमाण पत्र मिलना गर्व का विषय है। विदित हो कि सीबीएसई के द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के सभागार में 31 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जिसके मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह थे। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से संसदीय कार्य मंत्रालय की रूपरेखा, पक्ष-विपक्ष की भूमिका, प्रस्तावना, कार्यप्रणाली तथा विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा का ज्ञान छात्रों को प्रत्यक्ष रुप से होता है। शिक्षार्थी के लिए सुनकर-सीखने से, करके-सीखना कही बेहतर और प्रभावी होता है।

# अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर करें कठोर कार्रवाई : डीसी शशि रंजन

### अटैच माइंस से पत्थर उठाव नहीं करने वाले क्रसर संचालकों पर करें कार्रवाई, लगायें अर्थदण्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



**55 ईट भट्ठेदारों से दंड स्वरूप 88 लाख रुपये की वसूली**

उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध फरवरी माह में हुए कार्रवाई की गहणता से समीक्षा की। जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार द्वारा बताया गया कि जिले में फरवरी 2025 में 34 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं 2 प्राथमिकी दर्ज की गई है। दण्ड के रूप में 16.43 लाख रुपए की वसूली की गई है।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में टास्क फोर्स की अहम भूमिका है। सभी टीम भावना व आत्मविश्वास के साथ कार्ययोजना तैयार कर छापेमारी करें। संलिप्त खननकर्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज कराने, गिरफ्तार करने एवं अर्थदण्ड लगाने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इसकी रोकथाम हेतु छापेमारी में तेजी लाएं। यह बातें डीसी शशि रंजन ने कही। डीसी शुक्रवार को खनन टास्क फॉर्स की ऑनलाइन बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि अटैच माइंस से पत्थर उठाव नहीं करने तथा अवैध उत्खनन कर पत्थरों को लाने वाले क्रसर संचालकों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उनके खिलाफ संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराएं। साथ ही अर्थदण्ड लगाते हुए वसूली की कार्रवाई करें। उपायुक्त ने अंचल एवं थाना स्तर से अवैध परिवहन, खनन एवं भंडारण के विरूद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सख्ती से इसकी रोकथाम का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ट्रेंच कटिंग से अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने अवैध ईंट्टा के संचालन पर भी सख्ती से कार्रवाई का निर्देश दिया। डीसी ने खनिज एवं बालू के अवैध भंडारण को लेकर जिला खनन पदाधिकारी को टीम के साथ स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया। वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार एवं जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार उपस्थित थे, जबकि डीटीओ, तीनों एसडीओ, एसडीपीओ, सीओ, थाना प्रभारी सहित व पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे।

## ईद और रामनवमी को लेकर मनातू थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

सुधीर यादव



**मनातू (पलामू)।** मनातू थाना अंतर्गत ईद सरहुल रामनवमी पर्व को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का अध्यक्षता थाना प्रभारी निर्माण उरांव ने की। संचालन मनातू सीओ मदन कुमार सुमन ने किया। कहा कि ईद सरहुल व रामनवमी को आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए सभी सामुदायिक आपस में मिलजुल कर सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने की जरूरत है किसी तरह के फेसबुक व्हाट्सएप सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करने की जरूरत नहीं है। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव नें कहा कि पर्व के दौरान जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाये। बैठक में मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष अंतु यादव मंझौली मुखिया पति उमेश प्रसाद साहू पूर्व मुखिया विशुनदेव देव सिंह पंकज पासवान बसंत सिंह महेंद्र यादव पूनम देवी अफजल खान सहित कई ग्रामीण हुए उपस्थित थे।

## पीएम आवास में सर्वे का कार्य 31 मार्च तक पूरा करें : बीडीओ अमित कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार में पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने बैठक आयोजित किया। बैठक में प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे। बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास और अम्बेडकर आवास पर चर्चा किया। बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास में सर्वे का काम धिमी गति होने पर नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हर हाल में 31 मार्च तक सभी पंचायतों में सर्वे कार्य पुर्ण हो जाना चाहिए। कहा कि जिस पंचायत में सर्वे का काम 31 मार्च तक शत प्रतिशत नहीं किये गये तो संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई किया जायेगा। बीडीओ ने वष 2016 से 2023 अधुरे सभी आवास को पुर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में आवास कोर्डिनेटर शिवम यासवाल, बीपीआरओ अहमद अंसारी, पुजा, अंकिता त्रिपाठी, अंजु, मुख्तार अंसारी, श्याम सुंदर राम, नन्दलाल गुप्ता, देवरति उरांव, गिरवर उरांव, प्रशोतम वैद्य एवं कर्मी उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद : रामनवमी और ईद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**हुसैनाबाद,पलामू।** रामजन्म उत्सव व रामनवमी और ईद को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ पंकज कुमार ने की, जबकि संचालन अंचल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रमुख विचारों में रामनवमी की लाइसेंस निर्गत कराने को लेकर मांग उठी। रामनवमी महासमिति का कहना था हर वर्ष जुलूस लाइसेंस के लिए विभिन्न अखाड़ों के द्वारा आवेदन दी जाती हैं लेकिन प्रशासनिक निरंकुशता के कारण आज तक उसे गैर लाइसेंस जैसे नामों से सम्बोधित किया जाता हैं। सीओ ने कहा कि रामनवमी व ईद दोनो समुदायों के त्यौहार एक साथ हैं इससे प्रतीत होता हैं, दोनो समुदायों में भाईचारा एकता मजबूत है। उन्होंने कहा कि डीजे हर हाल में प्रतिबंधित हैं। साथ ही शोशल मीडिया आदि पर भी कड़ी निगरानी रहेगी। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने कहा कि एक तरफ भगवान राम का जन्म तो दूसरे तरफ पवित्र रमजान की समान व ईद जैसे त्यौहार एक साथ होना सबसे अच्छी व सुखद समय हैं। हर जगहों पर पर्याप्त बल की व्यवस्था की गई हैं, सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस आपके सेवा में रहेगी। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी, शशी कुमार, गयासुद्दीन सिद्दीकी, दिनेश प्रसाद कश्यप, आलोक नाथ केशरी, राकेश तिवारी, रामेश्वर राम उर्फ छठन, मुखिया श्रवण राम, ओमप्रकाश राजवंशी, पुअनि बबलू कुमार, सोनू कुमार, राजू सोनी, प्रदीप कांशयकार, सचिन आनंद हुसैन, धनंजय गुप्ता, आशु कुमार, उदय सोनी, बिमलेश सिंह, शिवपूजन चौदरी, अजय गुप्ता, नजीर अहमद, सुहैल, बजरंगी प्रजापति आदि लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मिशन ने आरोग्य दूत सम्मान समारोह का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तत्वावधान में आरोग्य दूत सम्मान समारोह का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन सिविल सर्जन डा अनिल कुमार , डीईओ व अन्य ने किया। इस मौके पर पलामू जिले के 105 विद्यालयों के 210 आरोग्य दूतों को सम्मानित किया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम सरकार का महत्वकांक्षी योजना है। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को शारीरिक व मानसिक रूप से हो रहे ग्रोथ के प्रति जागरूक किया जाता है। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया जाता है। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण योजना है। मौके पर जया रानी, राजेश मिश्रा, देवेंद्र मिंज, रेखा रानी, नीरज कुमार पांडेय, बबलु ठाकुर, अंजु ठाकुर व आरोग्यदूतों को सम्मानित किया गया।

## लेस्लीगंज थाना में रामनवमी, ईद, सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें रामनवमी, ईद, सरहुल पर्व को लेकर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा एवं संचालन तनवीर आलम ने किया। मौके पर सीओ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी पर्व को आपसी ताल मेल से सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की जरूरत है। थाना अध्यक्ष राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रहेगी। मौके पर कामख्या यादव, अजीत तिवारी, फिरोज अंसारी, इद्रीस अंसारी, गुड्डी देवी, संगीता देवी, गुड्डू पासवान, महेश यादव, छोटेलाल सोनी, रेखा देवी, वीरेंद्र मेहता, अजीत सिन्हा, नवलेश मेहता,संत कुमार तिवारी, कृष्ण पासवान, मंदीप मेहता, छोटन दुबे, मुस्ताक अहमद सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## जीवित रहते ही राजा परीक्षित की तरह अपने सदगति का मार्ग सुलभ करें : राघव प्रपन्नाचार्य



विश्रामपुर (पलामू)। बाघमनवा पंचायत के गौरा गांव में नवनिर्मित ग्राम देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा गुरुवार संध्या से प्रारंभ हो गया। कथा के प्रथम दिन श्री श्री 108 राघव प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहा कि भक्ति, ज्ञान, बैराग व तपस्या ही भागवत हैं। इस कलयुग में प्रत्येक दिन प्रत्येक पहर कोई न कोई व्यक्ति काल के गाल में समा रहा है इसलिए जीवित रहते ही राजा परीक्षित की तरह अपने सद्गति के मार्ग को सुलभ करने का प्रयास करें। इससे पहले मुख्य यजमान संजय उपाध्याय ने सपत्नीक श्रीमद्भागवत गीता का विधिवत पूजा अर्चन किया। यहां बताते चलें कि गौरा गांव में ग्राम देवी के नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सह श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर 30 मार्च को कलश यात्रा निकाला जायेगा। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने बताया कि जबकि दो अप्रैल को ग्राम देवी मूर्ति के साथ नगर भ्रमण के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा कराया जायेगा। वहीं तीन अप्रैल को भंडारे के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा। मौके पर पूर्व मुखिया रवींद्र नाथ उपाध्याय, पंडित गोपाल पांडेय, दिनेश चौबे, गोपाल सिंह, राजेंद्र बैठा, कृष्णा बैठा, रामचंद्र सिंह खरवार, धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, रामनाथ विश्वकर्मा, नारायण ठाकुर, बिंदेश्वर पाल सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## मस्जिदों में जुम्मा अलविदा की नमाज अदा की गयी

### सभी मुस्लिम गरीबों की मदद करें : हाफिज जहुर आलम

खबर मन्त्र संवाददाता



अलबिदा की नमाज पढ़ाते हाफिज जहुर आलम व अन्य।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत सभी मस्जिदों में मुस्लिम समुदायों द्वारा शुक्रवार को माहे रमजान के अंतिम जुम्मा अलविदा नमाज अदा की गई। तेलियाबांध के मस्जिद में मुस्लिम समुदायों ने जुम्मा की नमाज पढ़े। साथ ही ईद के नमाज का समय निर्धारित किया गया। तेलियाबांध नूरी मस्जिद में 8:13 बजे ईद का नमाज पढ़ा जायेगा। मौके पर मौलाना हाफिज जहुर आलम ने कहा कि रमजान सरीफ का आखिरी जुम्मा अलविदा जुम्मा होता है। ये जुम्मा बड़ी फजीलत वाला जुम्मा है। रमजान सरीफ का आखिरी असरा चल रहा है। नेजात का असरा चल रहा है। इसमें जितना भी हो सके अल्लाह के नाम पर अपने हसियत के मुताबित जकात निकालें व सदका का कोई लिमिट नहीं है। सदका उस जगह पर देना है जहां जरूरी है। गरीबों को पैसा, कपड़ा व भोजन दें। ये सब निकालने से अल्लाह ताला बंदों के गुनाहों के माफ फरमा देता है। नेकियों में इजाफा फरमा देता है। रमजान सरीफ का महीना बहुत बड़ी फजीलत वाला महीना है। इस महीने में आदमी पैसा खर्च करता है तो अल्ला ताला अधिक पैसा फरमाता है। इसी तरह जो सख्श एबादत करता है उसको भी 70 गुना ज्यादा शबाबअता फरमाता है। इसीलिए इस मुबारक महीना में इंसान को ज्यादा से ज्यादा एबादत और मालो दौलत अल्लाह के राह में खर्च करना चाहिए। मौके पर अबुल हसन अंसारी, हाजी सुलेमान अंसारी, अहमद अंसारी, आबिद अंसारी, ताहिर समेत काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा पाटन प्रखंड कमिटी के पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के केल्हार पंचायत भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा पाटी के प्रखंड कमीटी के पुनर्गठन करने को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक समिति सदस्य बालकिशुन राम ने की।

बैठक में पार्टी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। बैठक में जिला कार्यसमिति सदस्य सनु सिद्दीकी ने विस्तार से पार्टी के नियमों को उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच रखा। बैठक में प्रखंड अस्तरीय कमिटी के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए उमाकांत सिंह को, सचिव कमेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष इस्तेखार अंसारी, बबलू कुमार रवि, कोषाध्यक्ष दिन दयाल सिंह, संगठन सचिव दीपक कुमार पाण्डेय एवं जावेद इकबाल को प्रस्तावित किया गया।

बैठक में जिला मंडली संयोजक सदस्य सनु सिद्दीकी, सुशीला मिश्रा, रंजीत जायसवाल, संजु देवी, जिला समिति के नेता राकेश कुमार सिन्हा, रमेश सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, संतोष मिश्रा, मंजु मिश्रा, गोरख सिंह, डिकु सिंह, राम किशोर सिंह, रौशन सिंह उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड स्तरीय नामित कमिटी के लोगों को बालकिशुन राम ने माला देकर सम्मानित किया। जिला संयोजक सदस्य बालकिशुन राम ने बताया कि नामित सभी सदस्यों के नाम को केन्द्रीय कमिटी को भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय कमिटी के द्वारा नामित सभी सदस्यों के पद की घोषणा की जायेगी।

# ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...




**गोलमुरी टिनप्लेट चौक के पास अवस्थित है मिथिला सांस्कृतिक परिषद का भव्य परिसर। यहां महाकवि विद्यापति की सौम्य प्रतिमा आगंतुकों को श्रद्धा भाव से भर देती है। मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर, एक प्रतिष्ठित संगठन है जो मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रचारित करने के लिए समर्पित है। इसकी स्थापना 20 अप्रैल 1978 को हुई थी और यह झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में सक्रिय है। परिषद का मुख्य उद्देश्य कला और संस्कृति के क्षेत्र में कार्य करना है। यह विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करती है, जो मिथिला की परंपराओं और कला रूपों को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं। विद्यापति स्मृति पर्व समारोह इस संस्था का सबसे लोकप्रिय एवं भव्य समारोह है जो अप्रैल माह में आयोजित किया जाता है। देश भर के नामी मैथिली गायक एवं सांस्कृतिक कर्मी यहां अपनी प्रस्तुति देने आते हैं। मिथिला की पारंपरिक चित्रकला को बढ़ावा देने के लिए परिषद निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित करती है।**

# हिन्दू नववर्ष शोभा यात्रा आज, तैयारी पूरी

## डिमना चौक और एग्रिको दुर्गापूजा मैदान से निकलेगी भव्य शोभा यात्रा



**संवाददाता सम्मेलन में डिमना चौक से निकलने वाली यात्रा की जानकारी देती डा कविता परमार, रवि सिंह, मुकेश मित्तल, राजहंत तिवारी व अन्य पदाधिकारी।**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अन्य वर्षों की तरह इस वर्ष भी 29 अप्रैल को भव्य हिन्दू नववर्ष शोभा यात्रा क्रमशः डिमना चौक, मानगो और एग्रिको दुर्गापूजा मैदान से दोपहर 2 बजे निकलेगी। शोभा यात्रा का समापन नेताजी सुभाषचंद्र बोस मैदान, आम बगान, साकची में होगा। इस मैदान में भारत माता की 21 फीट ऊंची तस्वीर पर हजारों लोग पुष्पांजलि देंगे, और भव्य आरती के साथ शोभा यात्रा का समापन होगा। शोभा यात्रा में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 5 लाख लोगों के भाग लेने की संभावना है। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह सामाजिक संगठनों द्वारा सेवा शिविर भी लगाया जा रहा है जहां शीतल जल एवं शर्बत आदि वितरित किया जायेगा। शोभा यात्रा के दौरान काफी संख्या में पूर्व प्रशिक्षित स्वयंसेवक तैनात रहेंगे ताकि शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। इधर, आज शुक्रवार को हिन्दू उत्सव समिति ने बताया कि कल 29 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में स्थान डिमना चौक ट्रांसपोर्ट नगर से लगभग पांच लाख रामभक्तों के साथ भव्य यात्रा निकाला जाएगा जिसका नेतृत्व हजारों मातृशक्ति रूपी महिलाएं करेंगी। यह यात्रा मानगो चौक होते हुए मानगो बस स्टैंड गोलचक्कर से महाराणा प्रताप चौक ओर पुराना कोर्ट होते हुए बंगाल क्लब के रास्ते साकची सुभाष मैदान (आमबगान) में पहुंचकर, 21 पंडितों द्वारा व हजारों रामभक्तों द्वारा भारत माता की भव्य आरती होगी जिसके साक्षी पूरा शहर बनेगा। शोभा यात्रा की रवानगी के अवसर पर डिमना चौक पर काली मंदिर पारडीह के महंत एवं जूनागढ़ अखाड़ा के सचिव स्वामी विद्यानंद सरस्वती, अयोध्या से आये स्वामी सर्वेस्वानंद जी महाराज एवं विधायक सरयू राय विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे।

**डिमना चौक पर मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा : उपेंद्र सिंह मस्तान**

हिन्दू उत्सव समिति के वरिष्ठ मार्गदर्शक उपेंद्र सिंह मस्तान ने बताया कि इस वर्ष यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र श्री राम भगवान की 21 फिट ऊंची प्रतिमा, व राम दरबार, शिव परिवार की झाकियां साथ ही रामगढ़ का प्रसिद्ध डंका रहेगा जो उपस्थित रामभक्तों का मन मोह लेगा साथ ही आधुनिक भव्य डी जे रहेगा जिसके धुन पर हजारों रामभक्त थिरकेंगे।

**हजारों महिलाएं पारंपरिक परिधान में करेंगी यात्रा का नेतृत्व : कविता परमार**

समिति की मार्गदर्शक एवं शिक्षाविद डा कविता परमार ने पत्रकारों को बताया कि डिमना चौक से निकलने वाली यात्रा में प्रत्येक वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष हिन्दू नववर्ष यात्रा में महिलाओं की सहभागिता अधिक रहने वाली है लेकिन इस वर्ष लाखो के भीड़ में हजारों की संख्या में पूरे शहर से महिलाएं यात्रा में शामिल होंगी और पारंपरिक परिधान के साथ महारानी लक्ष्मी बाई, व दुगार्वाती के समान अपने धर्म की रक्षा करने का संदेश देंगी। सभी महिलाओं की अगुवाई मंजू जी, ममता ठाकुर, अमृता मिश्रा, उषा यादव, शशि आचार्य, संतोषी साहू, दुर्गा साहू, पूजा कुमारी सहित अन्य करेंगी जो हिन्दू उत्सव समिति के महिला प्रमुख भी है।

**200 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी : रवि प्रकाश**

हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता रवि प्रकाश ने बताया कि विधि व्यवस्था व यातायात नियमों को पालन कराने के लिए हिन्दू उत्सव समिति ने लगभग 200 प्रमुख कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दी है जो यात्रा के निमित्त सारे रास्ते मे यातायात नियमो का पालन कराने में अपनी महत्ती भूमिका निभाएंगे। साथ ही हिन्दू उत्सव समिति के संरक्षक श्री शिवशंकर जी, कन्हैया व धर्मेंद्र सोनकर ने हिन्दू समाज से आह्वान किया कि शहर के समस्त हिन्दू परिवारों से आग्रह है कि हिन्दू एकता को बढ़ाने के लिए सभी हिन्दू अपने अपने घरों से एक व्यक्ति की सहभागिता इस यात्रा में सुनिश्चित करने की कृपा करें। इस अवसर पर अभिमन्यु प्रताप सिंह, पीयूष परासर, नीलेश पांडेय, अश्वनी सिंह, संजीत शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## हिंदू जागरण मंच करेगा नेतृत्व



**यात्रा की जानकारी देते बबुआ सिंह, बलबीर मंडल व कन्हैया सिंह।**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में 29 मार्च (शनिवार) को भव्य हिंदू नववर्ष यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा हर वर्ष की भाँति इस बार भी एग्रिको गोलचक्कर स्थित पुराना दुर्गा पूजा मैदान से आरंभ होगी और शहर के विभिन्न मार्गों से होकर सुभाष मैदान में भारत माता की आरती के साथ संपन्न होगी। तुलसी भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष बलबीर मंडल ने बताया कि यह यात्रा हिंदू संस्कृति, परंपराओं और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निकाली जाती है। इस दौरान श्रीराम दरबार एवं शिव बारात की झांकी, भारत माता की झांकी, शिव तांडव नृत्य, पारंपरिक अस्त्रों का प्रदर्शन जैसे आकर्षक आयोजन होंगे। यात्रा के दौरान सुसज्जित रथ एवं घोड़े, भगवा ध्वज और पताका से सजी सड़कों पर भव्य हिंदू समागम का नजारा देखने को मिलेगा। बबुआ सिंह ने बताया कि यात्रा के दौरान यात्रा में शामिल लोगों को मदद करने के लिए 150 से अधिक वोलेंटियर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा यात्रा के साथ-साथ एम्बूलेंस भी रहेगा ताकि किसी की तबियत खराब होने पर तुरंत चिकित्सकीय मदद दी जा सके। कन्हैया सिंह ने बताया कि सामाजिक संगठन नमन, मुखी समाज, सनातन सेवा समिति, सिख समाज, नीलकंठ महादेव, साकची सब्जी मंडी समिति की ओर से श्रदधालुओं के लिए सेवा शिविर लगाये जायेंगे। अप्पू तिवारी ने बताया कि शोभा यात्रा में योगी महाराज का बुल्डोजर भी शोभा यात्रा में शामिल रहेगा। यात्रा का मार्ग एग्रिको गोलचक्कर से प्रारंभ होकर भालूबासा, साकची रामलीला मैदान, साकची बड़ा गोलचक्कर होते हुए सुभाष मैदान (आम बगान मैदान) पहुंचेगा, जहां भारत माता की आरती के पश्चात समापन सभा आयोजित होगी। प्रेस वार्ता में भाजपा नेता चंद्रशेखर मिश्रा, बबुआ सिंह, आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, अनिल सिंह, सतीश गुप्ता, चिंटू सिंह, पप्पू उपाध्याय, अप्पू तिवारी, शैलेश गुप्ता, सतीश मुखी, सोनू ठाकुर, सागर राय, सेंट्रल गुरुद्वारा के सुरेन्द्र सिंह शिंदे, अमीश अग्रवाल, रमन सिंह, कुश कुमार, नौजवान महासभा के अमरीक सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## कदमा के ब्रह्मर्षि भवन में सहजानंद सरस्वती की 136 वीं जयंती 30 मार्च को : विकास सिंह

>> रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान झूमाने आ रहे भोजपुरी के स्टार गायक गोलू राजा और निशा उपाध्याय



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वतंत्रता सेनारी और किसान आंदोलन के जनक स्वामी सहजानंद सरस्वती की 136 वीं जयंती 30 मार्च को कदमा के ब्रह्मर्षि भवन में भव्य तरीके से आयोजित किया जायेगा। समारोह की तैयारी को लेकर कदमा स्थित ब्रह्मर्षि भवन परिसर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती किसान आंदोलन के प्रणेता थे। स्वामी सहजानंद सरस्वती कल्याण संस्थान की ओर से जयंती समारोह को भव्य तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्वामी सहजानंद सरस्वती के जन्म दिवस पर सरकारी छुट्टी घोषित करे ताकि समाज के सर्वहारा नेता को सम्मान मिल सके। संस्थान के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ने बताया कि शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें भोजपुरी के लोकप्रिय गायक गोलू मुंडा व गायिका निशा पांडे अपने भोजपुरी गीतों से दर्शकों को झुमायेगे। महासचिव जय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत महतो, पूर्व सीएम रघुवर दास, समेत समाज के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित किया गया है। संवाददाता सम्मेलन में राजकिशोर सिंह, राकेश कुमार और राजीव कुमार भी उपस्थित थे।

# टाटा मोटर्स में फिर निकला परमानेंट का लिस्ट, 225 कर्मी होंगे स्थाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स के अस्थाई कर्मियों के लिए शुक्रवार का दिन खुशियों वाला रहा। एक बार फिर प्रबंधन एवं यूनियन के संयुक्त पहल से शुक्रवार को 225 अस्थाई कर्मियों को स्थाई करने की सूची जारी की गई।

लेबर ब्यूरो के सूचना पट पर आवश्यक निदेर्शों के साथ उन सभी कर्मचारियों की सूची लगा दी गई है जो नियमानुसार स्थाई होंगे। बताते चलें कि यह छठा बैच है जो स्थाई हो रहे हैं। इससे पूर्व वर्ष 2025 के जनवरी माह में अस्थाई कर्मी स्थाई हुए थे। विगत वर्ष चार बैच में अस्थाई कर्मी स्थाई हुए थे। सूचीबद्ध कर्मचारियों को तिथिवार मेडिकल जांच के लिए आमंत्रित किया गया है।

सभी सूचीबद्ध कर्मचारियों को मेडिकल जांच से पूर्व लेबर ब्यूरो में आवश्यक कागजातों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आरके सिंह ने संयुक्त रूप से स्थायी होने वाले सभी सूचीबद्ध कर्मचारियों को बधाई दी हैं। महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि जिन मजदूर भाईयों का परमानेंट होने वाले लिस्ट में नाम है वो नोटिस में दिए गए निदेर्शों के अनुसार ससमय लेबर ब्यूरो में रिपोर्ट करें। यदि किन्हीं को कोई परेशानी अथवा संबंधित विषय में कोई पूछताछ करनी हो तो यूनियन कार्यालय में आकर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

## एलएलबी के नामांकन हो रही देरी, सचिव से की गयी शिकायत

**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय के एकमात्र सरकारी लॉ कॉलेज जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में सत्र 24 -27 की नामांकन प्रक्रिया शुरू नही हुई है, जिसको लेकर कॉलेज के पूर्व छात्र अमर तिवारी ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा बिभाग के सचिव राहुल पुरवार को इसकी शिकायत की है। उन्होंने पत्र में बताया कि एलएलबी सत्र 24-27 का अब तक एंट्रेंस टेस्ट का प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, लॉ कॉलेज को सबसे दरकिनार करके काम कर रहे है परीक्षा नियंत्रक, हर बार की तरह सत्र बिलम्ब हो रहा है। कुलपति को भी इसपर जोर देना चाहिए ताकि समय पर नामांकन लिया जा सके। साथ ही कोल्हान यूनिवर्सिटी में एलएलएम की शिक्षा शुरू नही हुई हैं, विद्यार्थी प्राइवेट यूनिवर्सिटी की ओर रुख कर रहे हैं।

## घाघीडीह में गर्मी की शुरुआत में ही पानी के लिए लगने लगी लंबी लाइन

**तरुण कुमार**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी में प्रचंड गर्मी की शुरूआत हो चुकी है, चिलचिलाती गर्मी और तेज धूप से शहरवासियों की तकलीफें में इजाफा तो हो ही रहा है। वहीं शहर से सटे बागबेड़ा और घाघीडीह क्षेत्र के निवासियों के बीच पानी को लेकर हाहाकार शुरू हो गया है, लोगों को अपने गले की प्यास तक मिटाने के लिए भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। घाघीडीह स्थित बाल संप्रेषण गृह, जिसपर जिले भर के बच्चों के लिए किशोर न्याय, देखभाल और सुरक्षा की अहम जिम्मेवारी है, उसकी चहारदीवारी से महज चंद फलांग की दूरी पर दोपहर के तीन बजे भरी दुपहरी से ही घर के लिए पानी के जुगाड में बच्चों और महिलाओं को देखा जा सकता है। बच्चों और महिलाओं ने बताया कि गर्मियों के आते की दिन में चार से पांच घंटे पानी की लाइन में ही खत्म हो जाते है।

## मोहरदा इंटेक वेल के लिए बन रहा डीपीआर : सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा में मोहरदा से दूषित जलापूर्ति के मामले में सरकार ने कहा कि स्वच्छ जलापूर्ति को लेकर समाधान की प्रक्रिया चल रही है। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने इस संबंध में सरकार से सवाल किया था। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि फिल्टर प्लांट को ज्यादा गहराई में लगाने से दूषित जल की समस्या से निजात पायी जा सकती है। इसके जवाब में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा कहा गया कि मोहरदा जलापूर्ति योजना से संबंधित डीपीआर पर मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, आदित्यपुर के द्वारा निर्माण कराया गया है। मोहरदा जलापूर्ति योजना का संचालन एवं रख-रखाव टाटा स्टील लिमिटेड की अनुषंगी इकाई टाटा स्टील यूआईएसल द्वारा पीपीपी मोड पर कराया जा रहा है। इंटेकवेल की गहराई को लेकर गत दिनांक 12 मार्च, 25 को उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के अध्यक्षता में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति एवं टाटा स्टील यूआईएसल के बीच बैठक हुई है। बैठक में तकनीकी पहलुओं पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ, जिसमें उक्त समस्या के यथाशीघ्र समाधान करने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि विधायक पूर्णिमा साहू ने मोहरदा से स्वच्छ जलापूर्ति के संबंध में उपायुक्त के साथ बैठक कर समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया था। पूर्णिमा साहू ने हर्ष जताते हुए कि इस निर्णय के लागू होने के साथ ही जल्द लोगों को स्वच्छ जल मिलेगा।

## श्री श्री विजय बजरंग मंदिर जंबू अखाड़ा, भालूबासा में रामनवमी महोत्सव का होगा आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते बंटी सिंह।**

**जमशेदपुर।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 हिंदू नववर्ष के अवसर पर जंबू अखाड़ा समिति द्वारा प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी आगामी 30 मार्च, रविवार से लेकर 7 अप्रैल सोमवार तक हर्षोल्लास के साथ, सांस्कृतिक, धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में श्री रामनवमी जन्मोत्सव का महा आयोजन किया जाएगा। इस रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ अखंड हरि राम नाम संकीर्तन से किया जाएगा जो की 30 मार्च से 1 अप्रैल तक निरंतर 48 घंटे तक झारखंड एवं बंगाल से आए कीर्तन मंडलियों के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। 1अप्रैल से 2 अप्रैल तक संपूर्ण रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी जंबू अखाड़ा समिति के मुख्य संरक्षक बंटी सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल संध्या 5:30 बजे से महाषष्ठी के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली जाएगी, यह कलश यात्रा जंबू अखाड़ा से निकलकर स्वर्णरेखा नदी के घाट (हाथी घोड़ा मंदिर के निकट), पुराना कोर्ट, पुराना बुक स्टोर, फैशन वर्ल्ड, रिलायंस फ्रेश, साकची बड़ा गोल चक्कर, स्ट्रेट माइल रोड, बाराद्वारी, कुम्हार पाड़ा होते हुए पुनः जम्मू अखाड़ा मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी। इस मौके पर 21 श्री राम भक्तों द्वारा कलश लेकर चलेंगे, कलश यात्रा में हरियाणा की प्रसिद्ध अमित एंड ग्रुप और जमशेदपुर के कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकियां एक रथ पर राम दरबार व एक रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा का जीवंत चित्रण दिखाए जाएगा। साथ ही अघोरियों का नृत्य व बाहुबली हनुमान श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करेंगे। यात्रा में 15 से अधिक जमशेदपुर के विभिन्न स्थानों से आए हुए डंका, सिंग बाजा मौजूद रहेंगे। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण कटक, उड़ीसा के समूह द्वारा आतिशबाजी रहेगी। 3 अप्रैल को जंबू अखाड़ा मंदिर प्रांगण में तराना ग्रुप द्वारा श्रद्धालुओं के बीच भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। बंटी सिंह ने समस्त नगरवासियों एवं राम भक्त श्रद्धालुओं से अपील की कि इस महा आयोजन में शामिल होकर पुण्य के भागी बने। संवाददाता सम्मेलन में लाइसेंसी रणबीर मंडल, सचिव मधुसूदन गोस्वामी, सुमित सिंह, आकाश प्रसाद, अनिल शर्मा, उपेन्द्र पाल, काकुली मुखर्जी, आरती मुखी, रंजिता रॉय, रवि विश्वनाथ भी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### त्योहारों में उपद्रवियों से निपटने का पुलिस ने किया अभ्यास



जमशेदपुर। त्योहारों के मद्देनजर किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति में असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर कुमार शीवाशीष की उपस्थिति में पुलिस केंद्र गोलमुरी में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लाठी चार्ज, आसूं गैस के इफैक्ट आदि का आकलन किया गया।

### नेताजी सुभाष मैदान में डिजनीलैंड मेला 16 से



जमशेदपुर। भारत का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी साकची स्थित आमबगान मैदान, जमशेदपुर में 16 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होने जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए फन वर्ल्ड के आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि इस वर्ष कई नये तरह के स्टॉल एवं मनोरंजन के नये-नये साधन उपलब्ध होंगे। जिसमें शहर में पहली बार सुनामी एवं रिवॉलविंग चेयर झुला देखने को मिलेगा इसके अलावा बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन हेतु जो झुले लगाये जा रहें हैं उनमें वाटर बोट, हेलीकॉप्टर, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन, आदि लगया जा रहा है। इसके साथ ही बड़ों (वयस्क) को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बिजली झूला उपलब्ध होंगे जो जमशेदपुर शहर में हमेशा से मांग रही है। इसके अतिरिक्त मेले में हेन्डलूम एवं हेन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की दुकानों के अलावा हैंडलुम के साड़ी, बेड शीट, नाईटी के परिधान विभिन्न राज्यों से आये मनमोहक रंगों एवं डिजाईनों में उपलब्ध होंगे।

### गोपाल मैदान में आदिवासी सेमलेद का आयोजन 6 को

जमशेदपुर। शुक्रवार को जमशेदपुर के बिस्तृपर स्थित नटराज होटल के काफ्रेंस हाल में आटिवासी युवा संशठत के द्वारा एक प्रेस संवादाता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। संवाददाता सम्मेलन में बताया गया कि 6 अप्रैल को जमशेदपुर के गोपाल मैदान, बिस्टुपुर में एक आदिवासी सेमलेद (सामाजिक) कार्यक्रम का भव्य आयोजन पिछले वर्ष की भाति किया जा रहा है। इस सेमलेट कार्यक्रम को बा: बाहा और सरहुल पर्व के नाम से मनाया जाएगा इस एक दिवसीय सेमलेद कार्यक्रम में देश-विदेश के विभिन्न आदिवासी समुदायों के लोग सिरकत करेगें। इस कार्यक्रम में सभी आदिवासी समाज के बुद्धिजीवि जोग आएगें। और आदिवासी समाज के उत्थान और विकास के बारे में आपनी बातो को रखेंगे।

## एक नजर में

### विहंगम योग की स्वर्वेद यात्रा 30 मार्च को




जमशेदपुर। भारतीय नववर्ष के अवसर पर विहंगम योग संत समाज के द्वारा विश्वशांति कामनार्थ राष्ट्रीय स्तर पर पुरे देश में एक दिन-एक साथ-एक समय, बैनर के तले स्वर्वेद यात्रा निकाली जाएगी। इसी क्रम में स्थानीय स्तर पर विहंगम योग टाटा आश्रम 8 जुबली रोड बिस्टुपुर से प्रातः 8 बजे यह स्वर्वेद यात्रा प्रारम्भ होकर मोदी पार्क डायमंड गोलचक्कर होते हुए जुस्को कार्यालय होकर पुनः विहंगम योग आश्रम पर आकर समाप्त होंगी। यात्रा के उपरांत विश्वशान्ति वैदिक महायज्ञ होगा जिसमें यजमान के साथ-साथ उपस्थित सैकड़ो श्रद्धालु आहुतियाँ प्रदान करेंगे। गर्मी को देखते हुए महाप्रसाद एवं पेयजल की भी व्यवस्था की गई है, संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए जिला संयोजक बिजेन्दर उपाध्याय, समन्वयक नीरज मिश्रा, पुरोहित महावीर विद्यार्थी, लालदेव राम एवं आलोक कुमार नें भारतीय नववर्ष के अवसर पर आयोजित रस्वर्वेद यात्रार में तथा विश्वशान्ति वैदिक महायज्ञ में शहरवासियों को भी आमंत्रित किया और नव वर्ष की शुभकामनायें दी।

### टाटा वर्कर्स यूनियन ने प्रो अब्दुल को याद किया



जमशेदपुर। टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय प्रो अब्दुल बारी की याद में यूनियन परिसर में बारी साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाहनवाज आलम, उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संजीव तिवारी, उपाध्यक्ष नितेश राज, सहायक सचिव श्याम बाबू, सहायक सचिव आमोद कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष एवं लेखापाल तथा बड़ी संख्या में कार्यकारिणी सदस्य एवं यूनियन कर्मचारी उपस्थित थे।

### नार्थ इस्ट यूनाइटेड के खिलाफ शिलांग में जमशेदपुर एफसी का मुकाबला 30 को



जमशेदपुर/शिलांग। जमशेदपुर एफसी ने 30 मार्च को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ महत्वपूर्ण आईएसएल प्लेऑफ मुकाबले से पहले शिलांग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ग्राउंड पर अपना पहला ट्रेनिंग सेशन पूरा किया। टीम ने शिलांग की परिस्थितियों के हिसाब से खुद को जल्दी से ढाल लिया है और बहुप्रतीक्षित मैच से पहले एक और ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा लेगी। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने इस सीजन में जमशेदपुर को घर और बाहर दोनों ही जगह हराया है, इसलिए टीम को आगे की चुनौतियों के बारे में पता है। डिफेंडर स्टीफन एजे ने रक्षात्मक अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए कहा, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड इस सीजन में एक मजबूत टीम रही है और हम उनका सम्मान करते हैं, लेकिन हम इस मैच के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमने अपनी संरचना, अपनी स्थिति और उनके हमलावर खतरों से निपटने के तरीके पर काम किया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह होगी कि हम एकजुट और अनुशासित रहें और सुनिश्चित करें कि हम उन्हें खतरनाक क्षेत्रों में जगह न दें। हम जानते हैं कि पिछले मैचों में क्या गलत हुआ था और हमने उन गलतियों को सुधारने पर काम किया है। जमशेदपुर एफसी शिलांग की पिच के साथ तालमेल बिठाने की भी तैयारी कर रही है, जो उनके घरेलू मैदान से अलग है। एजे ने चुनौती को स्वीकार किया लेकिन आत्मविश्वास से भरे दिखाई दिए और कहा, शिलांग मौसम और पिच की स्थितियों के साथ एक अलग चुनौती पेश करता है, लेकिन पेशेवर होने के नाते, हम उसमें ढल सकते हैं। हमने पहले भी कठिन परिस्थितियों में खेला है, और हम सतह के अभ्यस्त होने के लिए यहां प्रशिक्षण ले रहे हैं। डिफेंस में संचार महत्वपूर्ण होगा, और हम जो भी चुनौती हमारे सामने आएगी उसके लिए तैयार रहेंगे।

### मनीष बने जमशेदपुर सीए सोसाइटी के अध्यक्ष



जमशेदपुर। जमशेदपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसाइटी (जेसीएएस) की एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी जनरल मीटिंग में सर्वसम्मति से सीए मनीष मूनका को सत्र 2025-26 के लिए नया अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का आशवासन दिया। चेम्बर भवन, बिष्टुपुर में आयोजित हुई बैठक की शुरूआत सचिव सीए आनंद कुमार अग्रवाल ने की, जबकि अध्यक्ष सीए कौशलेंद्र दास ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में उपाध्यक्ष सीए सुगम सरायवाला, सचिव सीए आनंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए विनीत मेहता और पूर्व अध्यक्ष सीए अनिल अग्रवाल आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में प्रमुख रूप से बिशन अग्रवाल, जगदीश खंडेलवाल, किशन चौधरी, प्रां शंगारी, रमाकांत गुप्ता, प्रभात सेक्सेरिया, अजय गुप्ता, राकेश रोशन झा, अभिषेक अग्रवाल, रवि गुप्ता और चेतन अग्रवाल आदि उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी सीए रवि गुप्ता ने यह जानकारी दी।

## सरहुल पर्व के लिए लगाए गए तोरण द्वार को अज्ञात हाईवा ने किया क्षतिग्रस्त, जाम

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप सरहुल पर्व को लेकर लगाए गए तोरण द्वार को गुरुवार देर रात एक अज्ञात हाईवा ने टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके विरोध में आक्रोशित सरना धर्मावलंबियों ने एनएच 22 को दो घंटे तक सड़क जाम कर दिया।और तुबेद से कुसमाही कोयला साइडिंग तक आने-जाने वाली हाईवा वाहनों का परिचालन पूरी तरह बाधित कर दिया। सरहुल पूजा कमेटी के अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव ने बताया कि रात करीब 11 बजे तुबेद से आ रही एक अज्ञात हाईवा ने सरहुल पर्व के लिए लगाए गए गेट को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी एक अप्रैल को प्रखंड सरहुल कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।जिसकी सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। वहीं जाम की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वार्ता कर जाम हटाया।

## जिला कमेटी पर्यवेक्षक बनाये जाने पर धीरज प्रसाद साहू को कांग्रेस कमेटी ने दी बधाई


असगर खान।

**चंदवा।** कांग्रेस प्रखंड कार्यालय में राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरज प्रसाद साहू को लातेहार जिला कमेटी का पर्यवेक्षक बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वाले में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान वरिष्ठ नेता रामयश पाठक, निर्मल कुमार भारती, संतोष साहू, मोफिल खान, बाबर खान, श्रीराम शर्मा, गन्दरू उरांव, रिंकू खान, नारायण गंझू समेत प्रखंड कांग्रेस परिवार ने पूर्व राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरज प्रसाद साहू को लातेहार जिला कमेटी के पर्यवेक्षक बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि धीरज प्रसाद साहू का अनुभव और नेतृत्व लातेहार जिला कांग्रेस को नई ऊंचाइयों तक ले जायेगा। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति पार्टी के प्रति उनके समर्पण और निष्ठा का प्रमाण है। प्रखंड कांग्रेस परिवार ने इस अवसर पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी और मजबूत होगी। इस खुशी के मौके पर प्रखंड के सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## मुखिया ने किया ज्ञान केंद्र का उद्घाटन


उद्घाटन करती मुखिया कालो देवी।

**बरवाडीह।** ग्रामीण शिक्षा और डिजिटल जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बरवाडीह पंचायत सचिवालय समेत खुरा, बरवाडीह, बेतला समेत 9 पंचायत सचिवालय में ज्ञान केंद्र का शुभारंभ संबंधित पंचायतों के मुखिया द्वारा फीता काटकर किया गया शुभारंभ किया गया। बरवाडीह में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज और उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल की उपस्थिति में मुखिया कालो देवी ने फीता काटकर केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। जहां कालो देवी ने बताया कि यह ज्ञान केंद्र क्षेत्र के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इसमें डिजिटल लर्निंग, पुस्तकालय, कंप्यूटर और इंटरनेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे बच्चों को आधुनिक शिक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। खुरा मुखिया जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह ज्ञान केंद्र ग्रामीण विकास और शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम है। इससे न केवल विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा, बल्कि किसान और युवा भी इससे डिजिटल ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। उपस्थित लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और इसे गांव के विकास में मील का पत्थर बताया। इस मौके पर उप मुखिया सुनीता देवी, पंचायत सबके विजय शंकर राम, कनीय अभियंता मंटू लाल, राहुल अग्रवाल, रवि रंजन और स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मस्जिदों में पढ़ी गई अलविदा जुमा की नमाज



**बरवाडीह।** रमजान के आखिरी जुम्मे को मनाए जाने वाले अलविदा जुमा की नमाज शुक्रवार को प्रखण्ड के सभी मस्जिदों में अकीदत और श्रद्धा के साथ अदा की गई। मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों ने मस्जिदों में जुटकर खुदा के दर पर सजदा किया और देश-दुनिया में अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआएं मांगी। मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों का आना शुरू हो गया था। खुत्बे (धार्मिक प्रवचन) के दौरान उलेमाओं ने रमजान के महत्व, इबादत और समाज में सद्भावना के संदेश को साझा किया। बरवाडीह की जामा मस्जिद में पेश इमाम ने तकरीर देते हुए कहा कि अलविदा जुमा हमें रमजान की इबादत और उसके संदेश को याद रखने की सीख देता है। इस दिन की गई दुआओं में खास बरकत होती है, इसलिए हमें खुदा से अपने गुनाहों की माफी और सबके लिए सलामती की दुआ करनी चाहिए। अलविदा जुमा के साथ ही अब ईद-उल-फितर की तैयारियां तेज हो गई हैं।

### नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया

# झारखंड के वीर भाइयों ने अंग्रेजों के खिलाफ छेड़ा था संग्राम : चमरा लिंडा





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** स्वतंत्रता संग्राम के वीर योद्धा नीलांबर और पीतांबर के बलिदान को याद करते हुए शुक्रवार को जोगनाटांड़ ग्राम में स्थापित नीलांबर पीताम्बर की प्रतिमा स्थली पर में वीर भाइयों का 166वां शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कल्याण एवं अनुसूचित जनजाति मंत्री चमरा लिंडा के साथ साथ पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम, विधायक रामचन्द्र सिंह, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कु दुबे, आईटीडीए निदेशक प्रवीण गगराई आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ बैगा दशरथ सिंह के द्वारा पूजा अर्चना से की गई। जिसके बाद शाहिद भाइयों की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी और उनके संघर्ष से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। वहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि नीलांबर - पीतांबर झारखंड के वीर सपूत थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ संग्राम छेड़ा था। 1857 की क्रांति के दौरान इन दोनों भाइयों ने अपने समुदाय के साथ अंग्रेजी सत्ता को चुनौती दी और स्वदेशी शासन के लिए संघर्ष किया। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, और यही कारण है कि हर वर्ष 28 मार्च को उनका शहादत दिवस मनाया जाता है। पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि अमर शहीद नीलांबर- पीतांबर के बलिदानों को देश कभी नहीं भूला सकता है। उन्होंने देश की आजादी एवं अंग्रेजों का शोषण समाप्त करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। जीवन भर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लोगों को एकजुट किया। कभी अंग्रेजों की दासता स्वीकार नहीं की। यही कारण है कि अंग्रेजों ने उन्हें छल से पकड़ कर फांसी दे दी। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर ने देश की आजादी के अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। दोनों भाइयों ने अंग्रेजों से लोहा लेने का कार्य किया है। आईटीडीए निदेशक प्रवीण गगराई ने कहा कि नीलांबर पीतांबर की सबसे बड़ी विशेषता उनकी बहादुरी और निष्ठा थी। उन्होंने कभी भी अपने आदर्शों से समझौता नहीं किया और हमेशा देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ते रहे। मौके पर एसडीओ अजय रजक, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, महावीर सिंह व रामदेव सिंह समेत काफी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

### फ्लाई ओवर ब्रिज के निर्माण को लेकर चार बार संसद में उठाया हूं सवाल : कालीचरण सिंह

# जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए करते रहेंगे संघर्ष : सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लातेहार।** चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह शुक्रवार को लातेहार के परिसदन पहुंचे थे। इस मौके पर लातेहार के पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम भी मौजूद थे। सांसद ने पत्रकारों से कहा कि वे हमेशा जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाते रहे हैं, और आगे भी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता की समस्याओं का समाधान करना है, चाहे वह महंगाई, बेरोजगारी, सड़कें, बिजली-पानी की समस्या हो या फिर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति सुधारने का मामला हो। सांसद ने आगे कहा कि मैं जनता की सेवा के लिए समर्पित हूं। संसद में और सड़कों पर, हर जगह मैंने लोगों की आवाज को बुलंद किया है। सांसद ने आगे कहा कि चंदवा के टोरी रेलवे क्रासिंग में फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू कराने को लेकर इस मामले को चार बार उठाया है। उन्होने बताया कि इस फ्लाई ओवर का रि-इस्टीमिट किया गया। इस बार 119 करोड़ रुपए का प्राक्कलन तैयार किया गया है। पहले यह 42 करोड़ रुपए का था। शीघ्र ही इसका टेंडर होने वाला है। उन्होने आगे बताया कि हाल ही में उन्होंने झारखंड राज्य के दो स्टेट हाईवे को राष्ट्रीय राजमार्ग में अपग्रेड करने का आग्रह सरकार से किया है। स्टेट हाईवे-10 को राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) में अपग्रेड करते हुए डालटनगंज बाईपास (NH-39) हरिहरगंज-बालूमाथ (NH-22) तक लगभग 90 किलोमीटर सड़क का निर्माण व विस्तार करने का अनुरोध किया। इसके अलावा दुबियाखांड (NH-39) से बेतला, गारू, महुआडांड, कुसमी, राजपुर (झारखंड) एवं छत्तीसगढ़ तक (कुल 155 कि.मी.) की सड़क को भी राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित करने का आग्रह किया। सांसद ने कहा कि सांसद ने कहा कि इन सड़कों का राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में उन्नयन न केवल झारखंड और छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों को जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण होगा, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक विकास, पर्यटन, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने पांकी में बराज बनाने की मांग की है। उन्होंने चंदवा से भाया चतरा गया तक रेलवे लाइन बिछाने की मांग की है और यह मंत्रीमंडल में चला भी गया है।

## भाजयुमो लातेहार जिलाध्यक्ष ने दिया मानवता का परिचय

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय निवासी व भारतीय जनता युवा मोर्चा के लातेहार जिलाध्यक्ष सह वोलेंट्री ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष छोटू राजा ने रक्त कि कमी से पीड़ित महिला रेणु कुमारी (21 वर्ष) के लिए लातेहार रक्त अधिकोष पहुंचकर रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। बता दें कि रेणु कुमारी पिछले कुछ दिनों से रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही थी,जैसे ही इस बात की जानकारी मनिका निवासी छोटू राजा को मिली तो उनके द्वारा तत्काल लातेहार रक्त अधिकोष पहुंचकर बी पॉजिटिव रक्तदान किया गया। ज्ञात हो कि छोटू राजा नियमित तौर पर रक्तदान करते हैं एवं समय समय पर कई स्थानों में रक्तदान शिविर का भी आयोजन करते हैं। वहीं इस पुनीत कार्य के लिए महिला के परिजनों समेत एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अनुरोध बाघ, उपाध्यक्ष शैलेश कुमार, केदार प्रजापति, जिला संयोजक श्याम अग्रवाल, सह संयोजक उत्तम कुमार, सचिव विकाश कांत पाठक, एलटी विनय कुमार सिंह, भाजपा जिला मंत्री कौशल किशोर प्रसाद, विकास तिवारी, संदीप उरांव, चंद्रभूषण केसरी, समेत अन्यों ने छोटू राजा को आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद दिया।

## चंदवा: महुआ चुनने को लेकर विवाद में मारपीट आधा दर्जन घायल


गुहार लगाते भुक्तभोगी।

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बारी पंचायत के रामपुरा गांव के बरैनी टोले में शुक्रवार की सुबह महुआ चुनने को लेकर उत्पन्न हुए विवाद बाद मारपीट में एक पक्ष के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में सरिता देवी, नाटो भुइयां (दोनों पति पत्नी), गोपीचंद भुइयां, कबूतरी देवी (दोनों पति पत्नी) व गोपीचंद भुइयां को पुत्री सुमन कुमारी व अन्य शामिल हैं। घटना के बाद सभी घायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया, घायलों में सरिता देवी को गंभीर चोटें आई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है। मामले को लेकर उन्होंने चंदवा थाना प्रभारी के नाम आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में भुक्तभोगियों ने गांव के ही राजेश भुइयां, सुदेशर भुइयां (पिता चंद्रिका भुइयां), आशीष भुइयां, किटी भुइयां व राजेश भुइयां व अन्य पर घर में घुस कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आवेदन में भुक्तभोगियों ने बताया है कि शुक्रवार की सुबह वे सभी घर के समीप महुआ चुन रहे थे, इसी दौरान उक्त लोग आए और बोला कि महुआ तुम लोग को नहीं चुनना है, नहीं मानने पर गली, गलौज व मारपीट की। इधर मामले में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि मामले को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसके बाद कांड संख्या 70/25 में प्राथमिक दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## पंचायतों सचिवालयों में ज्ञान केंद्र का हुआ शुभारभ


उद्घाटन करते बीडीओ व मुखिया।

**चंदवा।** केंद्र सरकार की पहल पर शुक्रवार को चंदवा प्रखंड के 9 पंचायत सचिवालयों में ज्ञान केंद्र का शुभारंभ हुआ। प्रखंड के पश्चिमी पंचायत सचिवालय परिसर में बीडीओ चंदन प्रसाद व मुखिया संगीता लकड़ा जबकि सेरक पंचायत सचिवालय में सीओ जयशंकर पाठक व मुखिया अनिता भगत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद पंचायत के स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थी ज्ञान केंद्र में बैठकर विभिन्न ज्ञानवर्धक पुस्तके पढ़ी। बीडीओ, सीओ और मुखिया ने भी विद्यार्थियों को कई दिशा निर्देश दिए। बीडीओ श्री प्रसाद ने बताया कि यह ज्ञान केंद्र एक प्रकार की लाइब्रेरी है। सभी पंचायत में ग्रामीण विद्यार्थियों को अध्ययन एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इसकी शुरूआत की गई है। फिलहाल यह प्रखंड के 9 पंचायत में शुक्रवार को शुरू किया गया है। जिन पंचायतों में इसकी शुरूआत हुई है उनमें चंदवा पश्चिमी सेरक, चकला, कामता, चेटर, डुमारो, बरवाटोली, लाधुप एवं बोदा पंचायत शामिल है। बीडीओ ने आगे बताया कि उक्त ज्ञान केंद्र के संचालन की जिम्मेवारी स्थानीय पंचायत सचिव को दी गई है। ज्ञान केंद्र के संचालन हेतु मुखिया एवं पंचायत सचिव के माध्यम से बैंक में खाता संचालित होगा वही लेखा संधारण पंचायत सचिव करेंगे। पंचायत में चल रहे स्कूलों के बच्चों एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थी यहां आकर शिक्षा ग्रहण करेंगे। मौके पर पंचायत सचिव आरती सक्सेना, प्रखंड कर्मी रितेश कुमार, स्वयंसेविका सुनीता कश्यप समेत विद्यार्थी मौजूद थे।

## शहीद नीलांबर पीतांबर को दी श्रद्धांजलि



**चंदवा।** स्थानीय कार्यालय में दैनिक मजदूरी यूनियन की बैठक शुक्रवार को सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता फुलदेव गंझू ने किया। बैठक में थाईलैंड एवं म्यांमार में भूकंप के कारण मारे गए लोगों के प्रति 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया। इसके उपरांत 1857 के वीर क्रांतिकारी योद्धा नीलांबर पीतांबर के 166 वे शहादत दिवस के अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि 1857 में पूरे देश में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह शुरू हुआ और एक क्रांति का जन्म हुआ जो लंबे समय तक चला। उस समय दोनों भाइयों ने गढ़वा लातेहार संयुक्त पलामू में भोक्ता खरवार आदि जातियों को संगठित कर क्रांति का बिगुल ठोक दिया और गुरिल्ला युद्ध शुरू कर दिया। हमले की शुरूआत में सैकड़ो लड़ाकों के साथ राजहरा में हमला कर अंग्रेजों की कोयला सप्लाई को रोक दिया। जिससे अंग्रेजी सरकार बौखला गई और करनल डाल्टन की फौज ने 1859 में स्थानीय जमींदारों की गद्दारी के चलते उन्हें गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। लंबे समय तक यातना देने के बाद दोनों क्रांतिकारी भाइयों को 28 मार्च 1959 को पलामू के लेस्लीगंज में एक पेड़ पर सरेआम फांसी पर लटका दिया गया। दोनों वीर क्रांतिकारी योद्धा भाइयों को देश के लिए बलिदान को सदैव याद किया जाता रहेगा। बैठक में संगठन के विस्तार के लिए गांव का दौरा कर पंचायत सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया तथा प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने पर विचार विमर्श किया गया।

# मनिका प्रखंड में बीडीओ ने किया पंचायत ज्ञान केंद्र का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मनिका पंचायत सचिवालय में पंचायत ज्ञान केंद्र का दिन शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार व मुखिया सत्येंद्र कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के अन्य सभी पंचायतों में भी स्थानीय पंचायत के जनप्रतिनिधियों के द्वारा पंचायत ज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया गया। साथ ही पंचायत ज्ञान केंद्र खुल जाने से क्षेत्र के पढ़ने वाले बच्चो में काफी खुशी की लहर देखी जा रही है। मौके पर पंचायत ज्ञान केंद्र के उद्घाटन करने के उपरांत बीडीओ संदीप कुमार ने बताया की लातेहार जिला के उपायुक्त के दिशा-निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा के प्रति बच्चों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक पहल की जा रही है। वहीं जिला प्रशासन का एक ड्रीम सपना है कि प्रत्येक पंचायत का अपना एक लाइब्रेरी हो,जहां पर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे शिक्षा का लाभ ले सके। उक्त लाइब्रेरी से बच्चे किताब से लेकर कम्प्यूटर का ज्ञान ले सकते हैं।


पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन करते अधिकारी व अन्य।

जहां से बच्चे अपने आप को स्वावलंबी बना सकते है। उन्होंने बताया की क्षेत्र के सभी पंचायत ज्ञान केंद्रों मे दो सौ संत्तावन प्रतियोगिता परीक्षा सहित अन्य पुस्तक उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने लोगों से भी पंचायत ज्ञान केंद्रों में एनसीईआरटी की कक्षा छ:से बारहवीं तक की पुरानी पुस्तकों को दान करने की अपील किया है ताकी क्षेत्र के बच्चे इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया की सभी पंचायत ज्ञान केंद्रों में दैनिक समाचार पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा जिससे बच्चे करेंट अफेयर्स का भी लाभ उठा सकते हैं और प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हासिल कर सकते हैं। वहीं बीडीओ ने मनिका प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया को पंचायत ज्ञान केंद्र का सफलतापूर्वक उद्घाटन करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही जिला प्रशासन के इस अथक प्रयास से प्रखंड में पंचायत ज्ञान केंद्र खोले जाने पर स्कूली बच्चों के साथ-साथ क्षेत्र के वैसे युवा पीढ़ी जो प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं सभी लोगों ने जिले के उपायुक्त सहित मनिका बीडीओ को धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर पंचायती राज प्रखंड समन्वयक शिल्पा सेन, पंचायत सचिव विक्की कुमार गुप्ता, पंकज यादव, सुधीर पासवान, विनोद यादव, हरेंद्र यादव, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मांस मदिरा पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने जिला प्रशासन से चैत्र नवरात्र रामनवमी पूजा के दौरान मांस मदिरा पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। श्री चौबे ने कहा कि नवरात्र रामनवमी एवं चैत्र छठ पूजा का आयोजन गढ़वा सहित पूरे जिले भर में घूमधाम से बड़े पैमाने पर होता है। जिसमें गांव से लेकर शहर तक लाखों-लाख की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि हर जगह सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम


रितेश चौबे।

अंडा, मांस, मछली का दुकान खुली रहती है जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए नवरात्र प्रारंभ से लेकर रामनवमी उत्सव तक सार्वजनिक स्थानों पर मांस, मदिरा, मछली, अंडा आदि के बिक्री पर प्रतिबंध लगाई जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय नववर्ष हिन्दूओं के आस्था का यह त्योहार गढ़वा में विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा नवरात्रि रामनवमी का त्योहार भव्य एवं दिव्य तरीके से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान शहर में साफ सफाई नगर परिषद द्वारा ठीक से कराया जाए। साथ ही चैत्र नवरात्र के दौरान छठ पूजा भी गढ़वा में मनाया जाता है इसके लिए विभिन्न छठ घाट की साफ सफाई भी कराई जाए।

# अंगूठा लगाने के बाद भी कार्डधारकों को नहीं मिल रहा राशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सगमा।** सरकार भले ही राशन वितरण प्रणाली में पारिदर्शिता लाने के लिए लाख जतन कर रही हो लेकिन सस्ते गल्ले की दुकानों में भ्रष्टाचार कम नहीं हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में दुकानों के संचालक कार्ड धारकों से अंगूठा तो लगवा रहे हैं लेकिन उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। शासन-प्रशासन ने ग्रामीणों को सस्ता राशन उपलब्ध कराने के लिए उचित दर के गल्ले की दुकानें तो खोल दी हैं, लेकिन कोटेदार इतनी मनमानी कर रहे हैं कि अशिक्षित ग्रामीणों से पंचिंग मशीन में अंगूठा लगवा लेते हैं बाद में उनके हिस्से का गल्ला हड़प जाते हैं। बताते चलें कि सगमा प्रखण्ड के बीरबल पंचायत के मकरी गांव का मामला है, जहां जनवितरण कोटेदार सुभाष चंद्र


जानकारी देते कार्डधारी।

जायसवाल का है जो पिछले दो माह से लेकर आठ माह तक का राशन कार्डधारकों से अंगूठा लगवाकर नहीं दे रहे हैं। इसकी शिकायत बीडीओ और गोदाम मैनेजर से ग्रामीणों ने लिखित शिकायत किया है। ग्रामीणों ने लिखा है कि वेट मशीन पर पत्थर रख कर अंगूठा लगवाते है। इसके बाद पर्ची भी नहीं देते हैं और राशन मांगने के बाद बोलते हैं कि राशन खत्म हो गया है आएगा तो ले जाना। इसके बाद दुकान से डांट कर लाभुकों भगा देते है। इस संबंध में बीडीओ सह एमओ तथा एजीएम ने पूछे जाने पर बताया कि राशन कार्ड धारकों के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है जांच उपरांत दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा ने बताया कि बात सत्य है।

## बीडीओ ने पंचायत सेवकों को किया स्थानांतरित

**रंका।** प्रखंड के 14 पंचायत के पंचायत सेवकों को बीडीओ शुभम बेला तोप्पनो ने विभिन्न योजनाओं का काम सुचारू रूप से संचालित करने को लेकर स्थानांतरित किया गया। सुष्मिता कुमारी को विश्रामपुर पंचायत, सोनी कुमारी को सोनदाग एवं खरडीहा पंचायत, किरण कुमारी को रंका कला, शोभा मिश्रा को कंचनपुर पंचायत, फौजदार साहु को मानपुर पंचायत, संजय कुमार गुप्ता को सिरोई खुर्द एवं चुतरू पंचायत, कंचन कुमारी को कटरा एवं बहाहारा पंचायत, संजय कुमार को दुधवल एवं चुटिया पंचायत सेवक बनाया गया है।

## डीसी ने शहीद नीलांबर पीतांबर को दी श्रद्धांजलि


श्रद्धांजलि देते डीसी।

**गढ़वा।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद नीलांबर और पीतांबर के शहादत दिवस पर डीसी शेखर जमुआर ने स्थानीय नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक नगर भवन, गढ़वा में स्थापित उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही देश की स्वतंत्रता में उनके द्वारा दिए योगदान को याद किया। उल्लेखनीय है कि नीलांबर पीतांबर झारखंड राज्य के आदिवासी भाई और स्वतंत्रता सेनानी थें, जिन्होंने 1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था। उनका जन्म चेमो-सेन्या गांव में खरवार जनजाति के भोगता कबीले के एक परिवार में हुआ था। मौके पर गढ़वा एसडीओ संजय कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

# डीसी ने कोषागार कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 की समाप्ति के दृष्टिगत रखते हुए कोषागार कार्यालय गढ़वा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कोषागार कार्यालय पहुंचकर कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज से कोषागार में प्राप्त सभी विपत्र की सिलसिलेवार जानकारी प्राप्त की। विपत्र को ससमय पारित किया जा रहा है या नहीं इसका भी कंप्यूटर से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कोषागार पदाधिकारी सहित प्रधान सहायक और विपत्र लिपिक को निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति को देखते हुए कोषागार में जो भी विपत्र प्राप्त हो रहे हैं उसे उसी तिथि में पारित करना सुनिश्चित करेंगे। उस


निरीक्षण करते डीसी।

तिथि को प्राप्त सभी विपत्र नियमानुसार पारित करने के पश्चात ही कोषागार बंद करेंगे ताकि विपत्र पारित होने के अभाव में राशि व्ययगत ना हो। साथ ही डीसी श्री जमुआर ने जिले के सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि 29 मार्च के अपराह्न 3:00 बजे तक अपने कार्यालय से संबंधित प्राप्त आवंटन के विरुद्ध नियमानुसार विपत्र तैयार कर कोषागार कार्यालय में जमा करेंगे। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग, झारखंड सरकार द्वारा प्राप्त आदेश के अनुसार 29 मार्च को अपराह्न 3 बजे के बाद कोषागार में कोई भी विपत्र नहीं लिए जायेंगे। यदि इस स्थिति में किसी भी कार्यालय में पूर्व से प्राप्त आवंटन की राशि व्यय गत होती है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेवारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

## 88 प्रधानाध्यापकों के बीच टैब का वितरण

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय पर शुक्रवार को प्रखण्ड के सभी कोटि के 88 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के बीच टैब का वितरण बी आर सी कर्मी प्रदीप कुमार यादव के द्वारा किया गया। सरकार द्वारा नि:शुल्क रूप टैब की वितरण से सभी विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षा विभाग संबंधित कार्य करने में सहूलियत प्रदान होगा। शिक्षकों व छात्रों की उपस्थिति, छात्रों के मूल्यांकन का प्रतिवेदन अपलोड करने सहित विद्यालय के सभी डाटा को ऑनलाइन करने में आसानी होगी। साथ ही अब कोई भी विद्यालय सीधे तौर से विभाग से जुड़ा रहेगा कोई भी वरीय पदाधिकारी कहीं से और कभी भी विद्यालय और शिक्षकों व छात्रों का खैरियत की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर प्रधानाध्यापक गोविंदर राम, शंभू मेहता, अमित कुमार, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, अरुण कुमार मेहता, विमलेश तिवारी, कर्मदेव राम, रेनू बाला सिंह के अलावें अन्य कई शिक्षक मौजूद थे।

